### एक नजर में

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**भीकनगांव, निप्र।** जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगाँव में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के शासकीय महाविद्यालय बड़वाह, सनावद, मण्डलेश्वर, बोरावां एवं खरगोन की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में संस्था के प्राचार्य लक्ष्मण डावर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री हरीश शर्मा, जनभागीदारी सदस्य श्री अंकित मालीवाल, सांसद प्रतिनिधि श्री नकुल कापसे एवं शासकीय महाविद्यालय बड़वाह की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सुराना उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम सेमी फाइनल शासकीय महाविद्यालय बड़वाह और भीकनगाँव के बीच खेला गया जिसमे विजेता शासकीय महाविद्यालय बड़वाह की टीम रही व द्वितीय सेमी फाइनल खरगोन तथा मण्डलेश्वर की टीमों के बीच खेला गया जिसमे विजेता मण्डलेश्वर रही। फाईनल मैच बड़वाह और मण्डलेश्वर के बीच खेला गया जिसमे विजेता शासकीय महाविद्यालय बड़वाह एवं उप विजेता शासकीय महाविद्यालय मण्डलेश्वर की टीम रही । यह आयोजन प्रेक्षक श्री दीपक भारद्वाज तथा चयन समिति डॉ. मनीष चैहान, डॉ. डी.आर. राजपूत और धर्मेन्द्रसिंह की निगरानी में संपन्न हुआ । इस प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर तहसीलदार श्री रविन्द्रसिंह चैहान भी उपस्थित रहे।

## अग्रसेन जन्म महोत्सव 2025 : महोत्सव के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा समाज



**मंडलेश्वर, निप्र।** अग्रवाल समाज मंडलेश्वर द्वारा अग्रसेन जयंती मनाने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसमें मेधावी छात्रों का सम्मान सहित विविध प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित ।अग्रसेन महोत्सव इस वर्ष भी भव्यता के साथ 21 एवं 22 सितंबर 2025 को मनाया जाएगा। समाज में एकता, संस्कार और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने वाले इस महोत्सव की तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं।अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन समाजजनों के लिए विविध सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी, जिनमें बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी वर्गों के लिए मनोरंजक गतिविधियाँ रखी गई हैं। कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, एक मिनिट गेम, कपल गेम, चेयर रेस, बास्केट बॉल, तंबोला, फैंसी ड्रेस क्विज, आदि पारंपरिक खेलों का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।महोत्सव के दूसरे दिन श्री अग्रसेन महाराज के पूजन एवं आरती के पश्चात मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। यह समाज के युवाओं को प्रोत्साहित करने की एक सराहनीय पहल होगी।

## अध्यक्ष पद पर गोलकर निर्वाचित घोषित



**बिस्टान नि प्र ।** कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 18 खरगोन के अंतर्गत जल उपभोक्ता संस्था 10 बिस्टान से अध्यक्ष पद पर तोताराम गोलकर निर्वाचित घोषित हुए हैं ।गोलकर का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए रहेगा ।तहसील कार्यालय गोगावां पर हुई ।निर्वाचन प्रक्रिया के बाद रिटर्निंग अधिकारी सुंदरलाल ठाकुर ने गोलकर को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया ।

## नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत निकाली जनजागरूकता रैली




**खरगोन।** नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के द्वितीय दिवस प्लॉस्टिक मुक्त अभियान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी द्वारा सभापति और पार्षदगण की उपस्थिति में हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुराना कलेक्ट्रेट ऑफिस से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, श्री कृष्ण टॉकीज चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा होते हुए तिलकपथ स्थित देवी अहिल्या शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र1 पहुंची। प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर रैली का समापन किया गया। रैली में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, नगर पालिका के कर्मचारी व आईईसी टीम द्वारा सहभागिता की गई।

नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल के निर्देशानुसार एवं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री जितेंद्र मेड़ा के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 स्वच्छोत्सव की थीम पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

## नपा द्वारा स्वच्छता जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन

**खरगोन।** नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तृतीय दिवस को व्यवसायिक एवं रहवासी क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जन जागरूकता अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक द्वारा संदेश दिया गया कि गीला कचरा एवं सूखा कचरा, कचरा वाहन में अलग-अलग देने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न कर कपड़े की थैली के उपयोग करने तथा अपने आस पास स्वच्छता बनाएं रखना आवश्यक है। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक में जनप्रतिनिधियो, ब्रांड एंबेसडर, रहवासियों एवं व्यापारियों, कर्मचारी द्वारा सहभागिता की गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल के निर्देशानुसार एवं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री जितेंद्र मेड़ा के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव की थीम पर मनाया जा रहा है।

# महारैली में किसान नेता कक्काजी ने किसानों को संगठित होने का दिलाया संकल्प

नवभारत न्यूज

**खरगोन। कृषि उपज मंडी में आयोजित कर्ज मुक्त महासभा एवं रैली में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक शिव कुमार कक्का शामिल हुए। उन्होंने जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए सरकार की नीतियों, योजनाओं पर जमकर सवाल उठाए।**






उन्होंने किसानों को एकजुट होने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि संगठित रहकर सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध करना पड़ेगा। सरकार को अमरीका के साथ समझौता रोककर अन्य 14 देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते निरस्त करने चाहिए। यदि विदेशी कृषि जिंसों, खाद्य सामग्री आयात बढ़ता है तो देश का कृषि बाजार खत्म हो जाएगा। सरकार विदेशी आयात नही रोकती है तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के नाम पर सरकार ने दबाव बनाकर ग्राम सभा में सहमती ली है, इसके खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेंगे। इसके अलावा उन्होंने मप्र में अमानक खाद- बीज, रसायन बिकने का भी गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। कर्ज मुक्त महासभा में प्रदेश महामंत्री गोपाल पाटीदार, महामंत्री सीताराम इंगला, रामेश्वर गुर्जर ने चेतावनी दी गई कि 10 अक्टूबर से समर्थन मूल्य पर कपास खरीदी शुरु नही होने पर हाईवे पर चक्काजाम प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री श्री पाटीदार ने कहा कि 22 उद्योगपतियों का सरकार ने हजारों करोड़ रुपए माफ कर दिया। किसानों से आवेदन मांगें जा रहे है। .


### ट्रैक्टर-बाईक और पैदल रैली में भरी हुंकार

महासभा के बाद किसानों ने प्रभावी रैली निकाली। ट्रेक्टर- बाईक और पैदल रैली में किसानों ने हुंकार भरते हुए मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में किसानों ने जिले, प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिले की महती बिंजलवाड़ा और जामला उद्वहन परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

# सरपंच सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्राम पंचायत के पंच ही उतरे मैदान में

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं जिले से जनपदों द्वारा ग्राम पंचायत को दी जाती है कसरावद की जनपद पंचायत की कई ऐसी ग्राम पंचायत है जहां पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता हुआ काम दिखता है।**



लगातार जनपद की ग्राम पंचायत में आए दिन ग्रामीणों का जनपद पंचायत अनुविभाग अधिकारी कार्यालय का दरवाजा खटखटाते हुए देखा जा सकता है दरवाजा खटखटाना दर्शाता है कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं में किस तरह से भ्रष्टाचार पनप रहा है जो ग्राम पंचायत भट्यान बुजुर्ग एवं मलगांव में सरपंच सचिव रोजगार सहायक पर ग्राम पंचायत के ही 8 पांचो द्वारा गंभीर आरोप लगाया गया। निर्माण कार्यों जैसे नाली निर्माण कार्य, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, एवं सीसी रोड निर्माण खेत सड़क में भ्रष्टाचार किया गया है।

उनके द्वारा यह भी कहा गया कि ग्राम पंचायत के सरपंच के बने 3 साल हो गए लेकिन आज तक कोई ग्राम सभा कोई मीटिंग नहीं ली गई और ना ही पंचायत में बैठते हैं ग्रामीण कोई पंचायत संबंधी कार्य से जाता है तो ग्राम पंचायत पर ताला लगा मिलता है सरपंच को जब पूछा जाता है तो उसके द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जाता है उसको वापस निराश होकर अपने घर जाना पड़ता है।

ग्रामीणों द्वारा कसरावद जनपद के कार्यपालन अधिकारी रीना किराडे को ज्ञापन दिया गया 8 पंचों द्वारा घटिया निर्माण की जांच की गुहार लगाई इसकी तत्काल जांच टीम बनाई जाए और जब जांच टीम मौके पर पहुंचे तो हमारे द्वारा हमारी उपस्थिति में उस कार्य की जांच कराई जाए। मीडिया ने जब कार्यपालन अधिकारी रीना किराड़ से इस भ्रष्टाचार की जानकारी जानना चाही तो वह मीडिया से दूरी बनती हुई दिखी। वार्ड क्रमांक 2 पंकज पंच प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 5 हरीश प्रतिनिधि, वार्ड क्रमांक 20 प्रहलाद सोलंकी प्रतिनिधि, वार्ड क्रमांक 3 कालूराम,वार्ड क्रमांक 10 अतुल,वार्ड क्रमांक 11 भोलाराम,वार्ड क्रमांक 12 दिनेश पटेल, वार्ड क्रमांक 13 दुर्गाराम, ग्रामीण मुकेश मौजूद रहे

## विद्यार्थियों को साइकिल और स्कूटी का वितरण



नवभारत न्यूज

**महेश्वर।** शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल धरगांव के कक्षा 9 वी के नवीन सत्र के प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विधानसभा विधायक राजकुमार मेव,मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार,शंकर लाल पाटीदार,सीताराम पाटीदार,बलराम सिंह मंडलोई ,सरपंच दीपेंद्र रावत,चेतन पाटीदार,मलखान सिंह पूर्व सैनिक,जितेंद्र डी,सूरज मंडलोई,रणजीत आचार्य के द्वारा हायर सेकेंडरी के 18, कन्या हाई स्कूल के 22 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई साथ ही नेहा भूरालाल पिलोदिया ग्राम धरगांव एवं पंकज भगवान गांगले करौंदिया को स्कूटी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राजकुमार मेव के द्वारा मां सरस्वती एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षक अर्जुन सिंह चोयल द्वारा किया गया आभार संकुल प्राचार्य डॉ आर सी मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य सुरेश पाटीदार,संतोष एक्कल,विकास पाटीदार एवं सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत एनटीपीसी खरगोन में लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** एनटीपीसी खरगोन में हिंदी पखवाड़ा उत्सव के अंतर्गत 19 सितंबर 2025 को एनटीपीसी कर्मचारियों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता और सीआईएसएफ कर्मियों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शुद्ध लेखन की आदत विकसित करना और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था।

श्रुतलेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की वर्तनी, लेखन गति और शुद्धता को परखा गया। कर्मचारियों ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी हिंदी भाषा की दक्षता का परिचय दिया। वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में सीआईएसएफ कर्मियों ने 'भाषा एक, भाव अनेक', 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', और 'विकसित भारत ञ्च2047' जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त किया।

इन प्रतियोगिताओं ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक अभिमान को बढ़ावा दिया तथा राजभाषा नीति के तहत हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए एनटीपीसी खरगोन की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी की प्रशंसा की गई, और विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## दामखेड़ा समिति अध्यक्ष भंडारी ने किया एसपी का स्वागत



**खरगोन।** नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा पदस्थी के बाद लगातार जिले का भ्रमण कर रहे है।इसी दौरान वे शहर के प्रसिद्ध दामखेड़ा मंदिर में भी दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने श्री भिलटदेव के दर्शन पूजन किए। एसपी के मंदिर पहुंचने पर दामखेड़ा मंदिर समिति एवं शिवडोला समिति अध्यक्ष श्री नवतीन भंडारी (लिंबू सेठ) ने एसपी का स्वागत कर उन्हें जिले में पदस्थी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसपी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना न केवल पुलिस बल्कि आमजन की सहभागिता भी जरुरी है। कानून .व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाकर निगरानी रखने के निर्देश दिए है।




## बाल रंग प्रतियोगिता में बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

### 12 स्कूलों के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**खरगोन।** शहर के उत्कृष्ट स्कूल परिसर में शुक्रवार को जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 12 स्कूलों के प्रतिभागियों ने शामिल होकर अपनी संगीत कला का प्रदर्शन किया। कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के लिए आयोजित स्पर्धा में स्वर, ताल वादन, सुगम संगीत, लोकगीत एवं लोक नृत्य की विधाओं में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रतिभागियों ने लोकगीतों के साथ ही देशभक्ति गीतों पर पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति की अनुठी छंटा बिखेरी। इन प्रस्तुतियों पर हॉल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा।

संगीत शिक्षक मुरली खोड़े ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग स्वर वादन में रुद्राक्ष गुप्ता कक्षा खरगोन। वरिष्ठ वर्ग ताल वादन में दक्ष जोशी खरगोन। कनिष्ठ वर्ग सुगम संगीत में रुद्राक्ष गुप्ता खरगोन। वरिष्ठ वर्ग सुगम संगीत में वात्सलय गुप्ता बाल विनय मंदिर खरगोन। कनिष्ठ वर्ग लोकगीत गायन में स्त्रजल मीना एवं समूह जूनियर भीकनगांव, वरिष्ठ वर्ग लोकगीत गायन में रश्मिका कुमरावत एवं समूह खरगोन, वरिष्ठ वर्ग शास्त्रीय नृत्य में तनिष्क रघुवंशी खरगोन, कनिष्ठ वर्ग लोकनृत्य में प्रतिज्ञा कर्मा एवं समुह खरगोन, वरिष्ठ वर्ग लोकनृत्य में राम पाटीदार एवं समूह उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी 4 अक्टूबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नेतृत्व करेंगे। प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार, डॉ मीरा रखोलिया, श्री शाह, संगीत शिक्षक खोड़े ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## सनावद में णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ

**सनावद।** पार्श्व ज्योति मंच, सनावद द्वारा णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र भारती, बसंत पंचोलिया, कमलेश भुज, सन्नू जैन, शम्मी जैन, सत्येंद्र जैन, प्रियम जैन, आशीष जैन, शुभम जैन सहित मंच के अन्य सदस्यों ने अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, और सर्व साधुओं का श्रद्धा भाव से स्मरण किया। सामूहिक पाठ के माध्यम से पापों के क्षय और आत्मिक शुद्धि की कामना की गई। मंच के प्रथम अध्यक्ष और समाजसेवी स्वर्गीय गजेंद्र बाकलीवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके जैन धर्म के प्रचार-प्रसार और सामाजिक कार्यों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह आयोजन जैन धर्म के प्रति श्रद्धा और सामाजिक एकता को दर्शाता है।

## बालक का मौसा ने ही किया था अपहरण, 10 घंटे में ही पुलिस ने किया पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जिले के बैडिया थानाक्षेत्र से अपहृत हुए 7 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बालक को किसी ओर ने नही बल्कि खुद उसके मौसा नही अपहृत किया था। शासकीय स्कूल में पदस्थ कर्मियों को गुमराह कर आरोपी ने स्कूल से बालक का अपहरण किया था।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 सितंबर को ग्राम कातोरा निवासी ने पुलिस को सूचना दी कि, उनका 07 वर्षीय बेटा शासकीय प्राथमिकी विद्यालय में पढ़ता है। दोपहर 01 बजे लड़के के मौसाजी लोकेन्द्र स्कूल से ले गए, लेकिन बच्चा अब तक घर नही लौटा और मौसा का मोबाइल भी बंद है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संदेही लोकेंद्र की तलाश शुरु की। इस दौरान सूचना मिली कि लोकेन्द्र देपालपुर का रहने वाला है और उसने बालक के परिवारजनों को फोन पर धमकी देते हुए इंदौर में होने की बात कही थी। इसके आधार पर पुलिस ने इंदौर पुलिस व देपालपुर पुलिस से संपर्क किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोकेन्द्र उर्फ लोकेश पिता विजय सिंग को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से बालक को सकुलश बरामद किया।

**एक नजर में** — इस साल तिरुपति की तर्ज पर सज रहा दिव्य दरबार, शोभायात्रा के रुप में पहुंचेगी माता की अलौकिक और मनोहारी विशाल मूर्ति

# 10 साल से ज्योति नगर में सज रहा अनूठा दरबार, हर साल बदलती पंडाल की थीम

नवभारत न्यूज

**खरगोन। देश-प्रदेश सहित जिले में 22 सितंबर से शुरू होने वाली शारदीय नवरात्र की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंचने लगी है। मंदिरों में जहां धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां चल रही है तो वही सार्वजनिक पूजा के भव्य पंडाल सजाए जा रहे हैं। इन पंडालों में नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति को विराजमान किया जाएगा। इसके लिए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार देने तथा सजाने में कारीगर जुटे हैं।**




शहर में नवरात्र के दौरान ज्योति नगर का भव्य दुर्गा पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र होता है। इस साल अपने 11वें साल में नवरात्र उत्सव प्रवेश कर रहा है। हर साल अलग-अलग तर्ज पर बनाए जाने वाले पंडालों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है।

उत्सव समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया इस बार तिरुपति बालाजी के तर्ज पर भव्य पंडाल तैयार हो रहा है, जिसमें माताजी की विशाल एवं मनोहारी प्रतिमा का नजारा लोगों का मन मोह लेगा। इस दिव्य अलौकिक दरबार को सजाने में 50 से अधिक कारीगर पिछले एक माह से जुटे है। उल्लेखनीय है कि यहां केवल पूजा ही नहीं, बल्कि कला, आस्था और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### 40 बाय 40 का गरबा मंच तैयार होगा

मंदिर समिति के प्रचार प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया कि ज्योतेश्वर महादेव मंदिर में भव्य दुर्गा पांडाल के साथ ही गरबा मंच तैयार किया जा रहा है। यहां 30 बाय 18 फीट का मंच और करीब 71 फीट ऊंचाई का शिखर रहेगा। तिरुपति स्वरुप में सज रहा माता का मंदिर अनूठाए अद्भूत एवं अलौकिक होगा, जो भक्तों के उत्साह को दोगुना करने के साथ ही यादगार रहेगा। इसके अलावा माता के दरबार के सामने 40 बाय 40 का गरबा मंच तैयार किया जा रहा है, जिसमें कॉलोनी की बालिकाओं- महिलाओं के अलावा आमंत्रित टीमें माता की आराधना स्वरुप गरबा नृत्य प्रस्तुत करेंगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी न केवल माता का पांडाल बल्कि प्रतिमा भी अलग स्वरुप में होगी। माता के नवरात्र को लेकर भक्तों में उत्साह बढ़ता जा रहा है।